# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

## ( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

दिनांक : 08 अक्टूबर, 2020

क्रमांक : LBSNSU/Admn.I/2020-21/393

## अधिसूचना

विश्वविद्यालयीय अधिसूचना सं. LBSNSU/Admn.I/2020-21/187 दिनांक 02 सितम्बर,2020 के निरन्तर में पुनः सूचित किया जाता है कि जिन अध्यापकों ने अभी तक शैक्षणिक सत्र 2019-20 का **निष्पत्ति आधारित वार्षिक स्वमूल्यांकन एवं शैक्षणिक कार्य निष्पादन संकेतक (API) प्रतिवेदन** जोकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिसूचना-जुलाई 2018 के अनुसार पूर्व निर्मित है, को पूर्ण कर यथा शीघ्र अपने विभागाध्यक्ष को प्रेषित करें तथा विभागाध्यक्ष मूल्यांकन कर अपने संबंधित संकायाध्यक्ष को आवश्यक टिप्पणी सहित अग्रसारित करें।

संकायाध्यक्षों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने विभाग के संबंधित अध्यापकों द्वारा प्रेषित एवं संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित प्रतिवेदनों का मूल्यांकन कर माननीय कुलपति कार्यालय में आवश्यक नोट/टिप्पणी के साथ सूची सहित शीघ्र प्रस्तुत करें।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि जिन अध्यापकों की प्रोन्नति/पदोन्नति वर्ष 2020 में देय है, वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित **कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अन्तर्गत पदोन्नति हेतु निष्पत्ति आधारित प्रतिवेदन** पूरित कर यथाशीघ्र माननीय कुलपति के सचिव को प्रेषित करें ताकि संबंधित कार्य प्रशासनिक रूप से पूर्ण किया जा सके।

भारती त्रिपाठी

**(भारती त्रिपाठी)**

सहायक कुलसचिव (प्रशासन-शैक्षणिक वर्ग)

**प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. विश्वविद्यालयीय समस्त अध्यापक महानुभाव
2. समस्त विभागाध्यक्ष
3. समस्त संकायाध्यक्ष
4. आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
5. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि वे इस आदेश को विद्यापीठीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें।
6. निजी सचिव, कुलपति
7. संबंधित पत्रावली

भारती त्रिपाठी

**(भारती त्रिपाठी)**

सहायक कुलसचिव (प्रशासन-शैक्षणिक वर्ग)